2026/127

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत सहायक कलक्टर (एस.डी.एम.) मुकाम नावां (डीडवाना–कुचामन)

प्रार्थी
राजस्थान सरकार जरिये
तहसीलदार कुचामनसिटी

बनाम

अप्रार्थीगण
अनोपसिंह वगैरह
निवासी–हुडील / नेहरूनगर

किस्म प्रकरण : प्रा.पत्र अधीन धारा 131, 132 आर.एल.आर.

मुकदमा नं. 57 /2026

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही इनिश्यिल्स जज	नम्बर व तारिख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये।
23.03.2026	प्रार्थी तहसीलदार कुचामनसिटी ने यह प्रार्थना पत्र अधीन धारा 131, 132 आर.एल.आर. एक्ट 1956 के तहत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर किया जाता है। प्रार्थी तहसीलदार कुचामनसिटी को प्रार्थना पत्र पर सुना गया। तहसीलदार कुचामनसिटी ने निवेदन किया कि राजस्व ग्राम–हुडील पटवार हल्का हुडील भू.अ. निरीक्षक घाटवा तहसील–कुचामनसिटी की नकल जमाबंदी सम्वत् 2074–2077 खसरा नम्बर 1241/582 रकबा 0.1600, खसरा नं. 537 रकबा 7.2500 हैक्टेयर, खसरा नं. 538 रकबा 3.0200 हैक्टेयर, खसरा नं. 539 रकबा 4.4000 हैक्टैयर, खसरा नं. 541 रकबा 1.1100 हैक्टैयर, खसरा नं. 540 रकबा 1.1000 हैक्टैयर, खसरा नं. 531 रकबा 4.3800 हैक्टैयर, खसरा नं. 1155/531 रकबा 0.8100 हैक्टेयर किस्म बारानी–2 एव राजस्व ग्राम नेहरूनगर पटवार हल्का हुडील तहसील कुचामनसिटी के खसरा नं. 542 रकबा 1.2200 हैक्टेयर बारानी–2 में से माफिक नजरी नक्शानुसार रास्ता मौके पर प्रचलित है तथा वर्तमान में उक्त रास्ता बिना किसी अवरोध चालू है। उक्त खसरान की भूमी में से प्रचलित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ता घोषित किये जाने के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार प्रार्थना पत्र अधीन धारा 131, 132 व 136 आर.एल.आर. एक्ट स्वीकार किया जावे तथा राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद के आदेश प्रदान करावे। प्रकरण का अवलोकन किया गया। प्रकरण में संबंधित खातेदार काश्तकार ने उक्त प्रचलित रास्ते को गैर मुमकिन रास्ता घोषित किये जाने हेतु प्रार्थी ने अभिशंषा व्यक्त की है। रास्ते हेतु प्रस्तावित भूमि की किस्म बारानी–1 दर्ज रिकॉर्ड है। उक्त दस्तावेजात के अवलोकन एवं तहसीलदार कुचामनसिटी से प्राप्त प्रस्ताव से प्रस्तावित रास्ते के वर्तमान में प्रचलन में होने की पुष्टि होती है। अतः प्रार्थी तहसीलदार कुचामनसिटी से प्राप्त राजस्व ग्राम–हुडील पटवार हल्का हुडील भू.अ. निरीक्षक घाटवा तहसील–कुचामनसिटी की नकल जमाबंदी सम्वत् 2074–2077 खसरा नम्बर 1241/582 रकबा 0.1600, खसरा नं. 537 रकबा 7.2500 हैक्टेयर, खसरा नं. 538 रकबा 3.0200 हैक्टेयर, खसरा नं. 539 रकबा 4.4000 हैक्टैयर, खसरा नं. 541 रकबा 1.1100 हैक्टैयर, खसरा नं. 540 रकबा 1.1000 हैक्टैयर, खसरा नं. 531 रकबा 4.3800 हैक्टैयर, किस्म बारानी–2 राजस्व ग्राम नेहरूनगर पटवार हल्का हुडील तहसील कुचामनसिटी के खसरा नं. 542 रकबा 1.2200 हैक्टेयर बारानी–2 भूमि का प्रस्ताव/तकमीना अनुसार प्रार्थना पत्र अधीन अधीन धारा 131, 132 व 136 आर.एल.आर.एक्ट स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है। विस्तृत निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल मिसल है। प्रकरण अपने नम्बर से कम होकर दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी नावां (डीडवाना–कुचामन)	